समाचार विज्ञप्ति

कैलगरी में स्कूल घर पर सीखने में परिवर्तन कर रहे हैं

14 अप्रैल 2021

एल्बर्टा शिक्षा (Alberta Education) ने कैलगरी में स्थित सार्वजनिक और कैथोलिक स्कूलों में कक्षा 7 से लेकर 12 तक के शिक्षण को अस्थाई रूप से घर पर सीखने में परिवर्तित करने के लिए उनके निवेदन को स्वीकृति दे दी है।

कैलगरी शिक्षा बोर्ड (Calgary Board of Education) और कैलगरी कैथोलिक स्कूल डिस्ट्रिक्ट (Calgary Catholic School District) के कक्षा 7 से 12 के विद्यार्थी 19 अप्रैल से आरंभ करके दो सप्ताहों की अवधि के लिए घर पर ही शिक्षण प्राप्त करेंगे।

परिचालनीय कारणों के आधार पर किसी स्कूल बोर्ड के घर पर सीखने में परिवर्तन करने के निवेदन की स्वीकृति का निर्णय चार मानदंडों पर आधारित है:

- लंबे समय से चल रही स्थानापन्न शिक्षक (substitute teacher) की कमी।
- सँगरोध या एकाँतवास करने वाले विद्यार्थियों और कर्मचारियों की उल्लेखनीय सँख्या।
- बोर्ड में स्थित कई स्कूलों की ओर से कम अवधि की पारियों का निवेदन।
- समुदाय के अंदर उल्लेखनीय सँख्या में COVID-19 मामले।

"सभी लोग स्कूल में जाकर सीखने को वरीयता देते हैं, परंतु कुछ स्कूल बोर्ड समुदाय में बढ़ते हुए COVID-19 मामलों के परिणामस्वरूप परिचालनीय दबावों का सामना कर रहे हैं। विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है, यही कारण है कि मैं बोर्डों के निवेदनों का उत्तर दे रही हूँ और उनकी स्वायत्तता का सम्मान कर रही हूँ। स्पष्ट प्रक्रिया लागू करने से हम उन्हें आवश्यकतानुसार घर पर सीखने के निर्णय के साथ आगे बढ़ने की छूट दे रहे हैं।

एड्रियाना लाग्रेंज, शिक्षा मंत्री

स्कूल बोर्ड पूरे स्कूल को परिचालनीय कारणों की वजह से अस्थाई रूप से घर पर सीखने में परिवर्तन करने के लिए निवेदन जमा करना जारी रख सकते हैं और प्रांत स्कूल बोर्डों के साथ निकटता से मिलकर कार्य कर रहा है ताकि विद्यार्थियों और परिवारों को समर्थन दिया जा सके। स्कूल बोर्ड अपने विवेकानुसार यह निर्णय लेना जारी रख रहे हैं कि वे स्कूल के केवल एक ही हिस्से में यह परिवर्तन करें, उदाहरण के लिए केवल एक ही कक्षा के लिए। आज की तिथि तक एल्बर्टा स्वास्थ्य (Alberta Health) ने किसी भी स्कूल को स्वास्थ्य-संबंधी कारणों की वजह से बंद करना आवश्यक नहीं बनाया है।

एल्बर्टा सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

त्वरित तथ्य

- दो स्कूल बोर्डों को सोमवार, अप्रैल 19 से अस्थाई रूप से घर पर सीखने में परिवर्तन करने की अनुमति दी गई है: कैलगरी शिक्षा बोर्ड (Calgary Board of Education) और कैलगरी कैथोलिक स्कूल डिस्ट्रिक्ट (Calgary Catholic School District), जिनमें ऐयर्ड्री और कॉक्रेन के स्कूल भी शामिल हैं।

- परिवर्तन के विवरणों के बारे में स्कूल बोर्ड अपने विद्यार्थियों, माता-पिता, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ सँपर्क में रहेंगे।
- विशेष समर्थनों की आवश्यकता वाले विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थी स्कूल में जाकर शिक्षण और व्यक्तिगत सेवाएँ प्राप्त करना जारी रख सकते हैं। वे घर पर सीखने में परिवर्तन किए जाने से प्रभावित नहीं होंगे।
- वर्तमान में एल्बर्टा में लगभग 81 प्रतिशत स्कूलों में चेतावनियाँ या प्रकोप नहीं हैं।
- वर्तमान में नौ स्कूल परिचालनीय कारणों की वजह से अस्थाई रूप से घर पर/ऑनलाइन शिक्षण उपलब्ध करा रहे हैं।
- स्कूलों से संबंधित सक्रिय मामलों में लगभग 0.3 प्रतिशत विद्यार्थी और कर्मचारी शामिल हैं।

संबंधित जानकारी

- COVID-19 के दौरान K-12 शिक्षण
- K-12 स्कूलों के लिए COVID-19 विषयक मार्गदर्शन और स्वास्थ्य-संबंधी दिशानिर्देश

मीडिया पूछताछ

निकोल स्पैरो
780-720-1915
प्रेस सचिव, शिक्षा (Press secretary, Education)

और अधिक सरकारी अनुवादित सँसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx